APP-A
Crim-1

FORM NO III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

विक्रम पुत्र प्रेम उर्फ प्रेमा सोली ति. लोहरवाड़ा तह. नसीराबाद जरिये पॉवर अटोर्नी मदन पुत्र रामचन्द्र बनाम राज. सरकार जरिये तहसीलदार नसीराबाद जिला अजमेर।

किस्म मुकदमा प्रा. पत्र बाजदायरी नम्बर 1521 सन् 2019 (नसीराबाद)

2019/00152

तारीख पेशी	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर श्री ईश्वर देवड़ा एड. श्री	नम्बर व तारीख अहकाम जोइस हुक्म की तामील जारी हुए
26.4.19	यह बाजदायरी प्रार्थना पत्र श्री ईश्वर देवड़ा एड्वोकेट ने न्यायालय हाजा द्वारा अपील को दिनांक 18.04.2017 को अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज किये जाने के विरूद्ध प्रस्तुत किया है। प्रार्थना पत्र बाद जॉच रिपोर्ट होकर पेश किया गया। प्रार्थना पत्र मियाद बाहर पेश किया गया है जिसके समर्थन में प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 मियाद अधिनियम एवं शपथ पत्र पेश किया गया। प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 5 मियाद अधिनियम पर अभिभाषक प्रार्थी की बहस सुनी गई। अभिभाषक प्रार्थी की एक पक्षीय बहस पर मनन किया गया एवं प्रस्तुत प्रार्थना पत्र व अपील का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन न्यायहित में प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर बाजदायरी प्रार्थना पत्र को अन्दर मियाद शुमार किया जाता है। तत्पश्चात प्रार्थना पत्र बाजदायरी पर अभिभाषक प्रार्थी की बहस सुनी गई। अभिभाषक प्रार्थी की बहस पर मनन किया गया एवं प्रार्थना पत्र व अपील का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन न्यायहित प्रार्थना पत्र बाजदायरी को स्वीकार किया जाकर अपील का निर्णय गुणावगुण पर करना उचित समझते है। **अतः बाजदायरी प्रार्थना पत्र बाबत् प्रकरण पुनः नम्बर पर लिए जाने को स्वीकार किया जाता है एवं अपील को पुनः नम्बर पर लिये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो।** (हस्ताक्षर) राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर	